अभ्यास पत्र - 9 Subject: - हिंदी कक्षा - IV Teacher: - Mrs. Jitender Kaur

Name: _______________ Class & Sec: ________________ Roll No. ______ Date: 15.05.2020

पाठ 2: आलस्य का फल

प्रश्न उत्तर

प्रश्न1: ब्राह्मण भाग्य के बारे में क्या मानता था?

उत्तर: ब्राह्मण भाग्य के बारे में मानता था कि जो कुछ भी होता है, भाग्य से होता है ।

प्रश्न 2: साधु किस कारण प्रसन्न हुआ?

उत्तर: ब्राह्मण और उसकी पत्नी के आदर सत्कार के कारण साधु प्रसन्न हुआ।

प्रश्न 3: साधु के पास कौन सा पत्थर था?

उत्तर: साधु के पास जादुई पत्थर था ।

प्रश्न 4: साधु ने कितने दिनों के लिए ब्राह्मण को पत्थर दिया ।

उत्तर: साधु ने सात दिनों के लिए पत्थर दिया ।

प्रश्न 5: ब्राह्मण पत्थर का उपयोग क्यों नहीं कर पाया ।

उत्तर: ब्राह्मण ने सोचा अभी तो मेरे पास सात दिन है यही सोचते-सोचते समय निकल गया और ब्राह्मण पत्थर का उपयोग नहीं कर पाया ।

प्रश्न 6: इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर: इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें आलस नहीं करना चाहिए और आज का काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए ।

2. लिंग बदलकर लिखिए।

ब्राह्मण – …………………………	पत्नी – …………………………
साधु – …………………………	विदुषी – …………………………
आदमी – …………………………	माता – …………………………
पंडित – …………………………	चाची – …………………………

3. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

(क) मेरे पास एक जादुई पत्थर ……………………। (है / हैं)

(ख) मेरे पास सात दिन ……………………। (हैं / है)

(ग) मैं कल से यह काम शुरू कर ……………………। (देंगे / दूँगा)

(घ) तुमने समय का सदुपयोग नहीं ……………………। (किए / किया

(ङ) ब्राह्मण और उसकी पत्नी सिर धुनते रह ……………………। (गए / गया)

4. रेखा खींचकर समान अर्थवाले शब्दों को मिलाइए।

आदर	हैरान
घर	छूना
दिन	सम्मान
अवाक्	गृह
दरवाज़ा	दिवस
आतिथ्य	द्वार
स्पर्श	मेहमानदारी

5. विलोम शब्द लिखिए।

गरीब × …………………………	महँगा × …………………………
ईमानदार × …………………………	बेचना × …………………………
सज्जन × …………………………	सदुपयोग × …………………………
आलसी × …………………………	प्रसन्न × …………………………

उत्तर गृह कार्य (भाषा ज्ञान प्रश्न 2, 3, 4, 5)

प्रश्न 2: लिंग बदलकर लिखिए

1. ब्राह्मण ब्राह्मणी
2. साधु साध्वी
3. आदमी औरत
4. पंडित पंडिताइन
5. पत्नी पति
6. विदुषी विद्वान
7. माता पिता
8. चाची चाचा

प्रश्न 3: सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए

क) है
ख) हैं
ग) दूंगा
घ) किया
ङ) गए

प्रश्न 4: रेखा खींचकर समान अर्थ वाले शब्दों को मिलाइए

आदर	सम्मान
घर	ग्रह
दिल	दिवस
अवाक	हैरान
दरवाजा	द्वार
आतिथ्य	मेहमानदारी
स्पर्श	छूना

प्रश्न 5: विलोम शब्द लिखिए

गरीब × अमीर	महंगा × सस्ता
ईमानदार × बेईमान	बेचना × खरीदना
सज्जन × दुर्जन	सदुपयोग × दुरुपयोग
आलसी × परिश्रमी	प्रसन्न × अप्रसन्न